# सैनिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ समापन



**रीवा।** विगत 17 दिनों से सैनिक स्कूल में चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन समारोह 2 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अतुल पाण्डेय विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग एपीएस विश्वविद्यालय थे। मुख्य अतिथि ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कार्य में विशेष योगदान देने वाले छात्रों को पुरष्कृत किया। इसी अवसर पर विद्यालय की स्वच्छता में अत्यंत कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने वाले स्वच्छता वीर कर्मचारियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में गाँधी जी के द्वारा देश के लिए किये गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। अंत में ले कर्नल ए पी एस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा ए के शर्मा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर ले कर्नल ए पी एस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ आर एस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक, ईशान रामटेके संचालक, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल में हुआ आयोजन



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर देश भर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सैनिक स्कूल रीवा में भी 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताएं व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सैनिक स्कूल रीवा के कैडेट्स नें अत्यंत जोश व उत्साह के साथ विद्यालय कैंपस की स्वच्छता का कार्य किया।

# सैनिक स्कूल में हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**रीवा देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर देशभर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सैनिक स्कूल रीवा में भी 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताएं व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसीश्रृंखला में आज प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सैनिक स्कूल रीवा के कैडेट्स नें अत्यंत जोश व उत्साह के साथ विद्यालय कैंपस की स्वच्छता का कार्य किया, जिसमे कैडेट्स ने प्लास्टिक, पेपर्स व अन्य फैले हुए कचरों को साफ़किया। कैडेट्स के साथ शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य ले कर्नल ए पी एस भुल्लर, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।



# सैनिक स्कूल रीवा के 30 कैडेटों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की



**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा के 30 कैडेटों ने 3 सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की है। इन 30 कैडेटों में से बीस कैडेट वर्तमान बैच (2023-24) से और 10 कैडेट 2022-23 बैच से हैं। लिखित परीक्षा में अपनी सफलता के बाद, ये 30 कैडेट एनडीए 152वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी के114वां कोर्स माध्यम से सशस्त्र बलों के अधिकारी कैडर में प्रवेश के लिए रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं। सैनिक स्कूल रीवा के प्रिंसिपल कर्नल अविनाश रावल ने यूपीएससी-एनडीए लिखित परीक्षा में इस सराहनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए कैडेटों और संकाय को बधाई दी और इस बात पर प्रकाश डाला कि सभी के समर्पित और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप कैडेटों का उल्लेखनीय प्रदर्शन हुआ है।

# सैनिक स्कूल के 30 छात्रों ने पास किया एनडीए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 सितम्बर. सैनिक स्कूल रीवा में अध्ययनरत 30 कैडेटों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा एनडीए 2023 उत्तीर्ण की. उक्त परीक्षा 3 सितम्बर को अखिल भारतीय स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई थी.**

सैनिक स्कूल रीवा के प्रिंसिपल कर्नल अविनाश रावल ने यूपीएससी-एनडीए लिखित परीक्षा में इस सराहनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए कैडेटों और संकाय को बधाई दी और इस बात पर प्रकाश डाला कि सभी के समर्पित और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप कैडेटों का उल्लेखनीय प्रदर्शन हुआ है। इन 30 कैडेटों में से बीस कैडेट वर्तमान बैच (2023-24) से और 10 कैडेट 2022-23 बैच से हैं। लिखित परीक्षा में अपनी सफलता के बाद, ये 30 कैडेट एनडीए 152वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी के114वां कोर्स माध्यम से सशस्त्र बलों के अधिकारी कैडर में प्रवेश के लिए रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं।

# 30 कैडेटों ने पास की एनडीए और नौसेना अकादमी की परीक्षा

सिटी रिपोर्टर . रीवा

सैनिक स्कूल रीवा के 30 कैडेटों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की है। इन 30 कैडेटों में से बीस कैडेट वर्तमान बैच 2023-24 से एवं 10 कैडेट 2022-23 बैच के हैं। लिखित परीक्षा में सफलता के बाद कैडेट एनडीए 152वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी के114वां कोर्स माध्यम से सशस्त्र बलों के अधिकारी कैडर में प्रवेश के लिए रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल यूपीएससी एनडीए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सैनिक स्कूल के 30 कैडेटों ने रक्षा और नौसेना परीक्षा उत्तीर्ण की



**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा के 30 कैडेटों ने 3 सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की है। इन 30 कैडेटों में से बीस कैडेट वर्तमान बैच (2023-24) से और 10 कैडेट 2022-23 बैच से हैं। लिखित परीक्षा में अपनी सफलता के बाद, ये 30 कैडेट एनडीए 152वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी के114वां कोर्स माध्यम से सशस्त्र बलों के अधिकारी कैडर में प्रवेश के लिए रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) द्वारा आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं। सैनिक स्कूल रीवा के प्रिंसिपल कर्नल अविनाश रावल ने यूपीएससी-एनडीए लिखित परीक्षा में इस सराहनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए कैडेटों और संकाय को बधाई दी और इस बात पर प्रकाश डाला कि सभी के समर्पित और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप कैडेटों का उल्लेखनीय प्रदर्शन हुआ है।

# सैनिक स्कूल के छात्रों ने किया बीहर तट की सफाई



**रीवा।** सैनिक स्कूल के छात्रों ने देश भर में विगत10 दिनों से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा है  अभियान के तहत 25 सितम्बर को रीवा बीहर नदी तट पर जाकर उसका पूरा कचरा साफ किया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल भी स्वयं बीहर नदी के तट पर गए व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र भी प्राचार्य की उपस्थिति से अत्यंत उत्साहित हो उठे और पूरे जोश के साथ बीहर स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत किया बीहर तट की सफाई

स्टार समाचार | रीवा

विंध्य की शान सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों ने देशभर में विगत 10 दिनों से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा है। अभियान के तहत 25 सितम्बर को रीवा संभाग की प्रमुख नदी बीहर तट पर जाकर उसका पूरा कचरा साफ किया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल , प्राचार्य , सैनिक स्कूल रीवा भी स्वयं बीहर नदी के तट पर गए व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र भी प्राचार्य की उपस्थिति से अत्यंत उत्साहित हो उठे और पूरे जोश के साथ बीहर स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा



15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## स्वच्छता पखवाड़ा

# छात्रों ने की सफाई

**सिटी रिपोर्टर. रीवा** विंध्य की शान सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों ने देश भर में विगत 10 दिनों से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा है, अभियान के तहत सोमवार को रीवा संभाग की प्रमुख नदी बीहर तट पर जाकर उसका पूरा कचरा साफ किया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा भी स्वयं बीहर नदी के तट पर गए व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र भी प्राचार्य की उपस्थिति से अत्यंत उत्साहित हो उठे और पूरे जोश के साथ बीहर स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया। बताया गया है कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है।

## छात्रों ने चलाया स्वच्छता ही सेवा है अभियान

# सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने की बीहर तट की सफाई



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों द्वारा देशभर में विगत 10 दिनों से ''स्वच्छता ही सेवा है ''अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को स्कूल के कैडेट्स ने बीहर नदी के तट पर सफाई अभियान चलाते हुए कचरा साफ किया। अभियान में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल भी शामिल हुए। प्राचार्य स्वयं बीहर नदी के तट पर गए व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र भी प्राचार्य की उपस्थिति में जोश के साथ बीहर स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया। प्राचार्य ने बताया कि इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सफाई अभियान में कई छात्र शामिल हुए।

# सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों ने किया बीहर तट की सफाई



**रीवा देशबन्धु।** विंध्य की शान सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों ने देशभर में विगत10 दिनों से चलाये जा रहे स्वच्छता हीसेवा है अभियान के तहत 25 सितम्बर 2023 को रीवा संभाग की प्रमुख नदी बीहर तट पर जा कर उसका पूरा कचरा साफ़ किया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा भी स्वयं बीहर नदी के तट पर गए व छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र भी प्राचार्य की उपस्थिति से अत्यंत उत्साहित हो उठे और पुरे जोश के साथ बीहर स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण



**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा में 23 सितम्बर 2023 को सायं पांच बजे छठी कक्षा के कैडेट्स द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कर्नल अविना शरावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने लगाए गए सभी पौधों की जिम्मेदारी हर एक कैडेट को अगले सात वर्षो तक सौपी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक कैडेट अगले सात वर्षों तक अपनें द्वारा लगाए गए वृक्ष की देखरेख करेगा। प्राचार्य ने छात्रों को वृक्ष की महत्वता बताते हुए उन्हें भविष्य मे अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मैडम नेहा रावल, डॉ आर एस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के तहत सैनिक स्कूल में किया गया पौधरोपण



रीवा। शनिवार को सायं पांच बजे सैनिकल स्कूल के छठी कक्षा के कैडेट्स द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा है अभियान भारत सरकार द्वारा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने लगाए गए सभी पौधों की जिम्मेदारी हर एक कैडेट को अगले सात वर्षों तक सौंपी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक कैडेट अगले सात वर्षों तक अपनें द्वारा लगाए गए वृक्ष की देखरेख करेगा। प्राचार्य ने छात्रों को वृक्ष की महत्वता बताते हुए उन्हें भविष्य में अधिक से अधिक वृक्ष



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा में कैडेट्स द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा है अभियान'' के तहत पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने लगाए गए सभी पौधों की जिम्मेदारी हर एक कैडेट को अगले सात वर्षों तक के लिए सौंपी है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक कैडेट अगले सात साल तक अपने द्वारा लगाए गए पौधों की देखरेख करेगा। प्राचार्य ने छात्रों को वृक्ष की महत्वता बताते हुए उन्हें भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नेहा रावल, डॉ. आरएस पाण्डेय सहित शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल के छात्रों को वायु सेना के विशेष दल ने किया प्रेरित



**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों के लिए भारतीय वायु सेना मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा सेल की 12 सदस्यीय दल ने 12 सितम्बर को प्रातः 8:30 बजे से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। विदित हो कि उपरोक्त दल दिनांक 16 अगस्त से 28 सितम्बर तक एक विशेष मोटिवेशनल दौरे पर है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों को वायु सेना में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करना है।

सर्वप्रथम विद्यालय के मानेकशा सभागार में विंग कमांडर विकास गर्ग ने भारतीय वायु सेना पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को भारतीय वायु सेना की स्थापना, देश की सुरक्षा व आपातकाल के समय योगदान मुख्यतः 2022 में युद्ध के समय यूक्रेन से भारतीय छात्रों का स्थानांतरण के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त विभिन्न लड़ाकू विमान, वायुसेना की विभिन्न शाखाओं , भारतीय वायुसेना में भविष्य बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । इस अवसर पर उन्होंने भारतीय वायु सेना से सम्बंधित प्रश्न भी छात्रों से पूछे तथा सही उत्तर देनें वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त सभी छात्रों को एक विशेष वॉल्वो बस (इंडक्शन पब्लिसिटी एग्जिबिशन व्हीकल) के अंदर भारतीय वायु सेना की विशिष्ट प्रदर्शनी दिखाई गयी। जिसमें विभिन्न लड़ाकू विमानों के मॉडल, मोटिवेशनल वीडियो इत्यादि को प्रदर्शित किया गया।

छात्रों को दी जानकारी

# वायु सेना के विशेष दल ने छात्रों को किया प्रेरित



**रीवा @ पत्रिका.** सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों के लिए भारतीय वायु सेना मुख्यालय नईदिल्ली के दिशा सेल के 12 सदस्यीय दल द्वारा विशेष कार्यक्रम रखा गया। सैनिक स्कूल के मानेकशा सभागार में विंग कमांडर विकास गर्ग ने भारतीय वायु सेना पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने छात्रों को भारतीय वायु सेना की स्थापना, देश की सुरक्षा व आपातकाल के समय योगदान मुख्यतः 2022 में युद्ध के समय यूक्रेन से भारतीय छात्रों का स्थानांतरण के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त विभिन्न लड़ाकू विमान, वायुसेना की विभिन्न शाखाओं भारतीय वायु सेना में भविष्य बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी छात्रों को एक विशेष वॉल्वो बस के अंदर भारतीय वायु सेना की विशिष्ट प्रदर्शनी दिखाई गयी। जिसमें विभिन्न लड़ाकू विमानों के मॉडल मोटिवेशनल वीडियों इत्यादि को प्रदर्शित किया गया। विदित हो कि उपरोक्त दल 28 सितम्बर तक एक विशेष मोटिवेशनल दौरे पर है जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों को वायुसेना में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करना है।

# सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों को भारतीय वायु सेना के विशेष दल ने किया प्रेरित



**रीवा देशबन्धु।** सैनिक स्कूल रीवा के छात्रों के लिए भारतीय वायु सेना, मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा सेल की 12 सदस्यीय दल ने 12 सितम्बर 2023 को प्रातः 8:30 बजे से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। विदित हो कि उपरोक्त दल दिनांक 16 अगस्त 2023 से दिनांक 28 सितम्बर 2023 तक एक विशेष मोटिवेशनल दौरे पर है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के छात्रों को वायु सेना में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करना है। सर्वप्रथम विद्यालय के मानेकशा सभागार में विंग कमांडर विकास गर्ग ने भारतीय वायु सेना पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को भारतीय वायु सेना की स्थापना, देश की सुरक्षा व आपातकाल के समय योगदान मुख्यतः 2022 में युद्ध के समय यूक्रैन से भारतीय छात्रों का स्थानांतरण के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त विभिन्न लड़ाकू विमान, वायुसेना की विभिन्न शाखाओं, भारतीय वायु सेना में भविष्य बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर उन्होंने भारतीय वायु सेना से सम्बंधित प्रश्न भी छात्रों से पूछे तथा सही उत्तर देनें वाले छात्रों को पुरष्कृत किया। इसके अतिरिक्त सभी के छात्रों को एक विशेष वॉल्वो बस (इंडक्शन पब्लिसिटी एक्स हिबिशन विहिकल) के अंदर भारतीय वायु सेना की विशिष्ट प्रदर्शनी दिखाई गयी। जिसमें विभिन्न लड़ाकू विमानों के मॉडल, मोटिवेशनल वीडियो इत्यादि को प्रदर्शित किया गया।